आकाशवाणी शिमला
15.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

प्रधानमंत्री

राष्ट्र आज 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी देशवासियों को बधाई दी है। लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधन में उन्होंने कहा कि आज वो शुभ घडी है कि हम देश की आजादी के लिए प्राणों का त्याग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालों को स्मरण करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष प्राकृतिक आपदा के कारण हम सभी की चिंता बढी है और अनेक लोगों ने अपने परिजन खोये हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र रक्षा और राष्ट्र निर्माण करने वाले किसानों, जवानों, युवाओं, माता–बहनों, शोषित और वंचित वर्ग के लोगों की देश के प्रति निष्ठा विश्व के लिए प्रेरणा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के एक सौ 40 करोड़ नागरिक कंधे से कंधे मिलाकर एक संकल्प लेकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को 2047 तक विकसित बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के कायाकल्प का सबसे बडा लाभ देश के वंचित वर्ग तक पहुंचा है। इसके अलावा देश का सर्वांगीण विकास सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के केंद्र में रहा है।

राज्यपाल

इधर प्रदेश में भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला स्थित राजभवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल भी मौजूद रहीं। अपने संबोधन में राज्यपाल ने लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और सभी की सुख–समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और वीर सपूतों के संघर्ष ने हमें आजादी दिलाई है। राज्यपाल ने आने वाले वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया।

स्वतंत्रता दिवस

हिमाचल प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का राज्यस्तरीय समारोह कांगड़ा जिला के देहरा में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर शानदार मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने ऐलान किया कि प्रदेश में 75 वर्ष की आयु पूरा कर चुके सभी पैंशनरों को इसी वित्त वर्ष में पूरा एरियर दिया जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों और कर्मचारियों की देनदारियों को भी चरणबद्ध तरीके से निपटाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने देहरा में विद्युत बोर्ड और जलशक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय खोलने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद सरकार ने कर्मचारियों के हित में कई फैसले लिए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से प्रदेश को एक वर्ष में दो हजार 2 सौ करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है।

इस बीच मुख्यमंत्री ने देहरा में करीब 50 करोड़ रुपये की लागत वाली 5 नई सड़क परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

अन्य समारोह

प्रदेश के अन्य जिलों में भी 78वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सोलन में समारोह की अध्यक्षता की। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश को आर्थिक रूप से मज़बूत करने के लिए व्यापक कदम उठा रही है और इसमें जनता का सहयोग भी जरूरी है। स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने हमीरपुर, कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने ऊना में, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने केलंग जबकि राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने रिकांगपियों में स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने चम्बा, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने नाहन, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कुल्लू, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मंडी और आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने बिलासपुर में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

भाजपा

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में ध्वाजारोहण किया। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने लाल किले की प्राचीर से 11वीं बार तिरंगा झंडा फहराये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी। वहीं पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत बनाने को जो रास्ता दिखाया है। उस पर चलकर वर्ष 2047 तक भारत को विश्व शक्ति बनाने का संकल्प पूरा किया जाएगा। दूसरी ओर कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में भी स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शारीरिक शिक्षकों व कला अध्यापकों सहित अन्य श्रेणी के अध्यापकों के पदों को जल्द भरा जाएगा। चम्बा में एक स्वयंसेवी संस्था के रक्तदान शिविर के शुभारंभ पर उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। रोहित ठाकुर ने कहा कि आकांक्षी जिला चम्बा को सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है और जिले के शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एस.एम. सी. शिक्षकों को भी चरणबद्ध तरीके से विभाग में समायोजित किया जाएगा।

————————————